आदेश फलक
(देखें अभिलेख हस्तक 1941 नियम 129)

| आदेश की क्रम संख्या और तारीख | विविध वाद<br>आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर<br>अभिलेख सं0– 01/22-23 | आदेश पर की गई कार्यवाई के बारे में टिप्पणी सहित |
|---|---|---|
| 03.02.2023 | धनेश्वर महतो पिता–महावीर महतो, साकिन–ढोरी बस्ती भेड़मुक्का एवं सीता राम महतो पिता–बैजनाथ महतो, साकिन–सारूबेड़ा चपरी (प्रथम पक्ष) के द्वारा आवेदन समर्पित किया गया है जिसमें उल्लेख किया गया है कि मो0 कसीम कुरैसी, करीम कुरैसी दोनों के पिता–स्व0 अजीम कुरैसी, साकिन– रहीमगंज मुहल्ला, पो0–ढोरी, जिला–बोकारो (द्वितीय पक्ष) के द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा है। उक्त भूमि की विवरणी निम्नवत है:–<br><br>मौजा – ढोरी; खाता 94, प्लॉट 2546, रकबा 4 डी0; खाता 34, प्लॉट 2548, रकबा 10 डी0<br><br>प्रथम पक्ष एवं द्वितीय पक्ष को सभी मूल दस्तावेज दिखाने हेतु नोटिस निर्गत कर तामिला करायें।<br>अभिलेख दिनांक 14.02.2023 को उपस्थापित करें।<br><br>03/02/23<br>अंचल अधिकारी,<br>बेरमो (बोकारो) | |
| 14.02.2023 | अभिलेख उपस्थापित। नोटिस तामिला प्राप्त है अभिलेख में संलग्न है। प्रथम पक्ष एवं द्वितीय पक्ष सभी दस्तावेज के साथ उपस्थित हुयें। सभी दस्तावेज राजस्व उप निरीक्षक एवं प्रभारी अंचल निरीक्षक को उपलब्ध करायें एवं जांच प्रतिवेदन की मांग करें।<br>अभिलेख दिनांक 28.02.2023 को उपस्थापित करें।<br><br>14/02/23<br>अंचल अधिकारी,<br>बेरमो (बोकारो) | |
| 28/02/2023<br>01/03/2023 | अभिलेख उपस्थापित। माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड रांची में प्रतिवादियों की ओर से शपथ पत्र दायर करने जाना है। E-Revenue Court को स्थगित किया गया है।<br>अभिलेख दिनांक 03.03.2023 को उपस्थापित करें।<br><br>01/03/23<br>अंचल अधिकारी,<br>बेरमो (बोकारो) | |

मूल विवरणी तालिका:

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| ढोरी | 94 | 2546 | 4 डी0 |
| | 34 | 2548 | 10 डी0 |

03.03.2023

अभिलेख उपस्थापित। राजस्व उप निरीक्षक सह प्रभारी अंचल निरीक्षक का जांच प्रतिवेदन प्राप्त है। इनके द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि मौजा–ढोरी अन्तर्गत खाता नं0–94, प्लॉट नं0–2546, रकबा–4 डी0 भूमि सर्वे खतियान के अनुसार रेवत लाल वल्द देबु महतो कौम कुरमी एवं खाता नं0–34, प्लॉट नं0–2548, रकबा–10 डी0 भूमि सर्वे खतियान के अनुसार बिगन महतो वगै0 पेशरान भैरो महतो कौम कुरमी के नाम से रैयती दर्ज है। प्रथम पक्ष के द्वारा खाता नं0–94 एवं 34 का खतियान की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है। दोनों खाता का ऑनलाईन रसीद निर्गत की छयाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

द्वितीय पक्ष के द्वारा मौजा–ढोरी अन्तर्गत खाता नं0–94, प्लॉट नं0–2546, रकबा– 6 डी0 भूमि से संबंधित केवाला इनके पिता मो0 अजीम वल्द मो0 रफी मोतफा के नाम से छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्लॉट पर द्वितीय पक्ष के द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। खाता नं0–34, प्लॉट नं0–2548, रकबा–10 डी0 से संबंधित कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया है।

चुकि उक्त भूमि को लेकर दोनों पक्षों के द्वारा दावा किया जा रहा है। भूमि रैयती खाते की है। मामला स्वत्व वाद का प्रतीत होता है।

अतः उपरोक्त तथ्यों के आलोक में अभिलेख की कार्रवाई समाप्त की जाती है। दोनों पक्षों को की गई कार्रवाई से अवगत कराये।

लेखापित

Sd/- 03/03/23
अंचल अधिकारी,
बेरमो (बोकारो)

Sd/- 03/03/23
अंचल अधिकारी,
बेरमो (बोकारो)

Digitally signed by SANJIT KUMAR SINGH
Date: 2024.08.27 17:37:28 +05:30
Location: 192.168.29.60